UNIVERSITY IN NEWS ON 31 DECEMBER, 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

तीन तक दर्ज होगी सामान्य वर्ग के 400 छात्रों की बायोमीट्रिक

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने वाले विभिन्न विभागों से सामान्य वर्ग के 400 विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति तीन जनवरी तक दर्ज की जाएगी। आवेदनकर्ता आबंटित रिसीविंग नंबर के हिसाब से तय तिथि में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। यह प्रक्रिया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित कुलसचिव कार्यालय में हो रही है। छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी।

समाज कल्याण विभाग ने वर्तमान सत्र से छात्रवृत्ति आवेदन पत्र अग्रसारित करने के लिए आवेदकों की बायोमीट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया है। बिना बायोमीट्रिक के फॉर्म अग्रसारित नहीं किया जाएगा। इससे विद्यार्थी छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह जाएंगे। नोडल अधिकारी ने रिसीविंग नंबर 2001-2400 तक के सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति तीन जनवरी तक दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

लखनऊ विवि के छात्रवृत्ति अनुभाग ने जारी किए निर्देश

छूटने वालों के लिए आठ जनवरी तक मौका

- जो छात्र-छात्राएं तय तिथि में अपनी बायोमीट्रिक नहीं दर्ज करवा पाए हैं, वे आठ जनवरी तक अंतिम रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवा लें। इसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया जाएगा। इसमें सामान्य वर्ग के एक से 2000 तक एवं अनुसूचित जाति / जनजाति के 1301 से 1400 रिसीविंग नंबर तक के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

इसके साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति के 1400 से 1800 तक रिसीविंग नंबर वाले अभ्यर्थियों को 2 जनवरी तक बायोमीट्रिक दर्ज कराने को कहा गया है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए बायोमीट्रिक सुबह 11 बजे से 1:30 बजे तक और अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थियों के दोपहर दो बजे से 4:30 बजे तक होगी।

एमपीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमपीएड कोर्स की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। यह बदलाव पहले व तीसरे दोनों सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा में किया गया है। अब प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा सात जनवरी के स्थान पर 10 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की नौ जनवरी को होने वाली परीक्षा भी 10 जनवरी को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाएं अपनी सारणी के हिसाब से सुबह 10 बजे परिसर शिवाजी ग्राउंड में होंगी। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में नए सत्र से दूरस्थ शिक्षा केंद्र की शुरुआत

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की तर्ज पर कोर्स शुरू करने की योजना

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में आनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन होने के बाद अब नए सत्र से दूरस्थ शिक्षा की भी शुरुआत करने की योजना बनी है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) आदि की तर्ज पर यहां भी छात्र-छात्राएं स्नातक व परास्नातक आदि के पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024 में आनलाइन पाठ्यक्रमों की शुरुआत की थी। इसके तहत वर्तमान में बी.ए, बी.काम से लेकर एम.ए और एमकाम कोर्स की पढ़ाई चल रही है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पहली बार शुरू हुए इन आनलाइन कोर्सों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रवेश भी लिया है। अब हमारा लक्ष्य आगामी सत्र से दूरस्थ शिक्षा के कोर्स शुरू करना है। इसके लिए कंटेट भी तैयार हैं। उसे हार्डकापी के रूप में बदला जाएगा। गौरतलब है कि लखनऊ विश्वविद्यालय को वर्ष 2023 में यूजीसी से ए कैटेगिरी का दर्जा मिल चुका है।

एचआरडीसी भवन में होगा केंद्र : अभी लवि में ह्यूमन रिर्सोस डेवलपमेंट सेंटर (एचआरडीसी) के भवन में ही आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र के लिए जगह दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एचआरडीसी केंद्र को विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस के पास स्थानांतरित किया जाएगा।

इसके बाद एचआरडीसी भवन में ही आनलाइन व दूरस्थ शिक्षा केंद्र के संचालन के लिए पर्याप्त जगह हो जाएगी।

लवि : कुलपति ने पूरा किया पांच साल का कार्यकाल

जासं • लखनऊ : लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सोमवार को अपने कार्यकाल के पांच साल पूरे कर लिए। अब उनके दूसरे कार्यकाल का तीसरा वर्ष शुरू हो गया है। उन्होंने ट्विटर पर यह जानकारी साझा की। कुलपति ने बताया कि 30 दिसंबर 2019 को लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति बना। तब से यह एक संतोषजनक और पुरस्कृत कार्यकाल रहा है। सभी का समर्थन और सहयोग मिला। विश्वविद्यालय को नैक ए डबल प्लस मान्यता मिली। विभिन्न रैंकिंग में पहली बार प्रवेश किया, जिनमें एनआइआरएफ, क्यूएस आदि शामिल हैं। खास बात यूजीसी से लवि को श्रेणी वन का दर्जा मिलना रहा। आनलाइन पाठ्यक्रम भी शुरू किए। लवि नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला पहला उच्च शिक्षा संस्थान भी बना। बने नए संकाय और विभाग : उउन्होंने बताया कि भौतिक बुनियादी ढांचे को दोनों परिसरों में बड़ा बढ़ावा मिला। पांच संकाय, सात विभाग और तीन नए संस्थान जोड़े गए। साथ ही विश्वविद्यालय का भौगोलिक विस्तार हुआ।

प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

नेशनल कालेज : शुरू हुई स्पेशल 20 की कक्षाएं

जासं • लखनऊ : नेशनल पीजी कालेज के भूगोल विभाग की ओर से इस साल भी स्पेशल-20 की कक्षाएं सोमवार से शुरू हुईं। विद्यार्थियों को यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए पांच जनवरी तक रोजाना निश्शुल्क तैयारी कराई जाएगी। कालेज के बाहर के भी छात्र-छात्राएं शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्पेशल-20 प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों को दोनों पेपरों के लिए समुचित ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ आगामी यूजीसी नेट परीक्षा की तैयारी के लिए अध्ययन सामग्री और संसाधन प्रदान करना है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा अंक जारी करने की मांग

जागरण संवाददाता • लखनऊ : समाजवादी छात्र सभा ने लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के बाद अब तक अभ्यर्थियों को दिए गए अंकों की सूचना जारी न किए जाने के विरोध में प्रशासनिक भवन में धरना-प्रदर्शन दिया। इस संबंध में छात्र नेताओं का कहना है कि प्रशासन ने पीएचडी साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी की। लेकिन जो अर्ह नहीं हो पाए, उनके अंक नहीं बताए गए। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव को ज्ञापन सौंपा गया। इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार के अनुसार प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने आश्वासन दिया है कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के बाद प्रवेश परीक्षा में बैठे सभी अभ्यर्थियों की सूची अंक तालिका के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के आनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में इकाई महासचिव रजत आहरि और उपाध्यक्ष शिवाजी यादव सहित कई अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

नगर की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू: एमपीएड की प्रैक्टिकल तिथि बदली

लखनऊ। एलयू ने शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत एमपीएड कोर्स की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। इस संबंध में विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा सात जनवरी की जगह 10 जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की नौ जनवरी की परीक्षा 10 जनवरी को होगी।

सामान्य वर्ग की बायोमीट्रिक तीन तक: एलयू के अलग-अलग विभागों में अध्ययन करने वाले सामान्य वर्ग के 400 विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति तीन जनवरी तक होगी।

TOI PAGE 3

LU made a mark: VC on 'high 5' term

Need Govt Support & Finances To Improve A Few More Areas: Prof AK Rai

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: In the last five years, Lucknow University made a mark in terms of accreditation, figuring in national and international rankings, National Education Policy implementation, teachers' recruitment and getting a major infrastructure boost. This was claimed by Lucknow University Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai, who completed five years as LU VC on Monday.

LU VC Prof Alok Kumar Rai

Although the Vice-Chancellor admitted that the University's sports infrastructure is in a bad shape, information and technology infrastructure needs to be upgraded, and the appointment of around 100 professors and associate professors is not possible due to heavy salary load. All these are still big challenges due to financial constraints, for which govt support is a must, he added.

"In the last five years, there are several big and small achievements LU attained, but there are five achievements of which the entire University family is proud," said Prof Rai.

He said first in ranking, they outperformed and figured in 12 national and international rankings, clinching good ranks in National Institutional Framework Ranking, QS South Asia University ranking, Nature Index, and others. Secondly, they became the first University in the country to implement NEP both at UG and PG levels. Thirdly, they got accreditations like Category 1 from the University Grants Commission. Fourthly, long-pending appointments and promotions were done, with 300 litigation-free appointments. Lastly, the varsity's infrastructure received a boost, including the revamp of all auditoriums, also Malviya Hall, the third Vivekananda Gate, pharmacy building, around 46 flats for non-teaching employees, and much more, he added.

Rai said the University still lacks five essential things. First, it needs a boost in sports infrastructure; they don't have any stadium, be it indoor or outdoor, running tracks, or facilities for different sports like a wrestling ring or a swimming pool. Secondly, they are struggling with financial challenges as their salary burden is increasing and finances are limited.

"Thirdly, we can't recruit professors or associate professors as we don't have funds to pay their salary, and hence, 100 posts are still vacant. Fourth, they still lag behind in information technology infrastructure as the computers their departments have are outdated, with poor bandwidth, countable smart classes, and lastly, for online education too, they don't have the required IT infrastructure, he added.

"We need govt support in terms of finances to improve all these areas," he added.

i-NEXT PAGE 5

एलयू में डिस्टेंस एजुकेशन सेंटर

इग्नू की तर्ज पर कोर्स शुरू करने की योजना

LUCKNOW (30 DEC): लखनऊ विश्वविद्यालय में आनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन होने के बाद अब नए सत्र से दूरस्थ शिक्षा की भी शुरुआत करने की योजना बनी है. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) आदि की तर्ज पर यहां भी स्टूडेंट्स यूजी व पीजी आदि के कोर्सों में एडमिशन ले सकेंगे.

ऑनलाइन कोर्स शुरू हुए

एलयू ने 2024 में आनलाइन कोर्सों की शुरुआत की थी. इसके तहत बीए, बीकाम से लेकर एमए और एमकाम कोर्स की पढ़ाई चल रही है. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पहली बार शुरू हुए इन आनलाइन कोर्सों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है. हमारा लक्ष्य आगामी सत्र से दूरस्थ शिक्षा के कोर्स शुरू करना है. इसके लिए कंटेट तैयार है.

एचआरडीसी भवन में होगा केंद्र

एलयू में ह्यूमन रिर्सोस डेवलपमेंट सेंटर के भवन में ही आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र के लिए जगह दी गई है. वीसी ने बताया कि एचआरडीसी केंद्र को विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस के पास स्थानांतरित किया जाएगा. इसके बाद एचआरडीसी भवन में ही आनलाइन व दूरस्थ शिक्षा केंद्र के संचालन के लिए पर्याप्त जगह हो जाएगी.

LOKSATYA PAGE 3

सामाजिक के पहलुओं का एलयू करेगा अध्ययन

लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रबंध अध्ययन संकाय करेगा अध्ययन

आयोजन

- कार्यबल रणनीतिक योजना और संचालन पर होगा लोप

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रबंध अध्ययन संकाय 2025 के महाकुंभ के लिए कार्यबल, रणनीतिक योजना एवं संचालन आदि पर विस्तृत अध्ययन करेगा। इसको लेकर संकाय ने प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट का शीर्षक महाकुंभ 2025 के प्रभावी आयोजन के लिए कार्यबल रणनीतिक योजना और संचालन पर अध्ययन रखा गया है।

महाकुंभ मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 5.5 मिलियन आबादी के साथ प्रयागराज के संगम में आयोजित किया जाएगा। 45 दिनों की इस अवधि में 500-600 मिलियन से अधिक लोगों (अनुमानित) के समूह की मेजबानी करने के लिए तैयारी की गई है। इस दौरान भारत और विदेश से लोग दिव्य आशीर्वाद लेने के लिए यमुना और गंगा नदी के पवित्र संगम पर जाएंगे। प्रबंध अध्ययन संकाय की अधिष्ठाता प्रो संगीता साहू ने बताया कि इतनी बड़ी विविध आबादी की यात्रा का प्रबंधन करने के लिए सेवा के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता वाले स्वयंसेवकों और सेवा प्रदाताओं के बड़े कार्यबल की आवश्यकता होती है। यह अध्ययन इवेंट कार्यबल मूल्यांकन, रणनीतिक कार्यबल योजना, दृष्टिकोण, कार्यस्थल तैनाती, संचालन, अनुचलन, इवेंट पर्यावरण संस्कृति, संचार और नेतृत्व पर केंद्रित होगा।

इसकी विस्तृत विश्लेषण के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही केस अध्ययन और शोध पत्रों के रूप में सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान की जाएगी। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय कुंभ के सांस्कृतिक, सामाजिक, संगठनात्मक और अवसंरचनात्मक पहलुओं का अध्ययन करने के लिए एक अन्य अंतर्विभागीय पहल भी करेगा। इसमें कुंभ की कथाएं, मिथक और अनुभव पीढ़ी दर पीढ़ी प्रसारित होने, मेला स्थलों के पवित्र भूगोल, उनके ऐतिहासिक, पौराणिक और धार्मिक महत्व का भी अध्ययन शामिल होगा।

एमपीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 जनवरी को

लखनऊ,लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमपीएड कोर्स की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। यह बदलाव पहले व तीसरे दोनों सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा में किया गया है।

अब प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा सात जनवरी के स्थान पर 10 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की नौ जनवरी को होने वाली परीक्षा भी 10 जनवरी को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाएं अपनी सारणी के हिसाब से सुबह 10 बजे परिसर शिवाजी ग्राउंड में होंगी।